## एक नजर में



### श्योपुर में डंपर ने पांच गायों को कुचला

**श्योपुर.** शहर में डंपर ने पांच गायों को कुचल दिया. इनकी मौत हो गई जबकि 4 मवेशी घायल हो गए. ग्रामीणों ने ड्राइवर को पुलिस को सौंप दिया. ड्राइवर शराब के नशे में बताया गया है. श्योपुर के आवदा थाना इलाके में एक तेज रफ्तार डंपर ने सड़क पर बैठी गायों के झुंड को रौंद दिया. सरजूपुरा-बछेरी गांव के पास हुए हादसे में पांच गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन से चार गायें गंभीर रूप से घायल हो गईं. पुलिस ड्राइवर से पूछताछ कर रही है.



### मैहर में खसरे का कहर से मासूम की मौत

**मैहर, 21 जून.** जिले के ग्राम अजमाइन में मीजल्स यानी खसरा वायरस ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है. संक्रमण की चपेट में आए छह बच्चों में खसरे की पुष्टि हुई है, जबकि तीन साल के एक मासूम उमंग पटेल की मौत हो गई. घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है. गांव में संक्रमण की श्रृंखला तोड़ने के लिए विशेष नियंत्रण गतिविधियां शुरू कर दी गई हैं और पूरे मामले की रिपोर्ट कलेक्टर को भेजी गई है. जानकारी के अनुसार अजमाइन गांव में पिछले कुछ दिनों से कई बच्चों में बुखार, सर्दी-जुकाम, उल्टी, दस्त और शरीर पर दाने निकलने जैसे लक्षण सामने आए थे.

### कुएं में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

**नीमच।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भादवामाता जी के मार्ग पर स्थित एक कुएं में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही नीमच सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकलवाकर जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने कुएं में शव दिखाई देने पर पुलिस को सूचना दी थी। थाना प्रभारी विजय सागरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। प्रारंभिक जानकारी में शव कई दिन पुराना बताया जा रहा है।

### छात्रा से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**खरगोन 21 जून.** जिले के सनावद थाना क्षेत्र में एक छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है. सनावद थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव के अनुसार इंदौर में बी-कॉम की पढ़ाई कर रही पीड़िता आरोपी माहीन जुनैद शेख से पूर्व-परिचित थी. पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि 17 जून को माहीन ने उसे फोन कर शहर के बाहरी इलाके में स्थित अपने स्पोर्ट्स टर्फ पर बुलाया. पीड़िता के अनुसार वहां पहुंचने पर आरोपी ने पहले उसे परिसर दिखाया, फिर गर्मी का हवाला देकर एक एसी कमरे में ले गया. आरोप है कि वहां उसने जबरन कमरे में ले जाकर मारपीट की और दुष्कर्म किया. पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपी ने उसका मुंह दबाया और घटना का खुलासा करने पर जान से मारने की धमकी दी.

## गुस्ताखी माफ




# अनमोल उपहार है योग : राष्ट्रपति मुर्मु

## गैरीसन ग्राउंड में उत्सव के रूप में संपन्न हुआ 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**जबलपुर, 21 जून. हम भारत की उस महान योग परंपरा का उत्सव मना रहे हैं, जिसने मानवता को स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन का मार्ग प्रदान किया है. योग विश्व समुदाय को हमारी सांस्कृतिक धरोहर का एक अनमोल उपहार है. यह हमारे ऋषियों-मुनियों की हजारों वर्षों की साधना का परिणाम है. जिस भारतभूमि ने पूरे विश्व को योग का अमूल्य ज्ञान प्रदान किया, आज उसी पावन धरती से स्वास्थ्य, संतुलन, शांति और आत्मकल्याण का संदेश पुनः समस्त विश्व में प्रसारित किया जा रहा है.**



ये सारी बातें राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने रविवार को गैरीसन ग्राउंड सदर में आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम के दौरान कहीं. इस मौके पर उन्होंने शहर के नागरिकों को योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प दिलाया. कार्यक्रम में लगभग 5 हजार योग साधकों ने सहभागिता कर सामूहिक योगाभ्यास किया. इस दौरान राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु तथा राज्यपाल मंगुभाई पटेल को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया व कार्यक्रम की शुरूआत व अंत में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान किया गया.

विदित हो कि 'योग स्वस्थ आयु के लिए थीम पर राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम कलकत्ता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया था. गैरीसन ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कोलकाता से आयोजित कार्यक्रम का लोगो ने सजीव प्रसारण देखा व सुना.



# त्रिमूर्ति हनुमान मंदिर और लहसुन मंडी के पास नाले ने लिया डंपिंग यार्ड का रूप

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** शहर के आस्था के प्रमुख केंद्र त्रिमूर्ति हनुमान मंदिर और लहसुन मंडी के समीप से गुजरने वाले नाले की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। स्थानीय प्रशासन के स्वच्छता अभियानों की पोल खोलती एक ताज़ा तस्वीर सामने आई है, जिसमें नाला और उसका आसपास का क्षेत्र पूरी तरह से कचरे के ढेर में तब्दील नजर आ रहा है। नाले के दोनों किनारों पर और पास के खुले मैदान में भारी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां, पन्नियां और अन्य ठोस कचरा फैला हुआ है।

नाले का पानी पूरी तरह से सड चुका है और गहरे काले-स्लेटी रंग का हो गया है। पानी में कचरा तैर रहा है और इसकी निकासी पूरी तरह से अवरुद्ध प्रतीत होती है। इस सड़े हुए पानी और कचरे से भयंकर दुर्गंध उठ रही है। ऐसे रुके हुए पानी में मच्छरों का पनपना तय है, जिससे आसपास के इलाके में गंभीर बीमारियाँ फैलने का सीधा खतरा मंडरा रहा है।

**किसान,व्यापारी और राहगीर परेशान** - रोजाना त्रिमूर्ति हनुमान मंदिर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं और पास ही स्थित लहसुन मंडी में अपना माल लेकर पहुंचने वाले किसानों व व्यापारियों को इसी गंदगी और बदबू का सामना करना पड़ता है।

### प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग

जावरा के जागरूक नागरिकों की मांग है कि नगर पालिका प्रशासन तुरंत संज्ञान ले और मानसून की भारी बारिश से पहले इस नाले की मशीनरी द्वारा गहरी सफाई करवाए। इसके साथ ही, इस क्षेत्र में खुले में कचरा फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि मंदिर और मंडी परिसर के आसपास स्वच्छता और पवित्रता बनी रहे।

### कांग्रेस नेता और टीआई के बीच मोबाइल पर हुई तीखी बहस

**पिपलियामंडी।** मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा और मल्हारगढ़ थाना प्रभारी अनिल रघुवंशी के बीच मोबाइल पर हुई बातचीत के दौरान जमकर बहस हो गई। मामला उस समय गरमा गया जब कांग्रेस नेता ने एक स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता के खिलाफ पुलिस द्वारा कथित रूप से झूठी कार्रवाई किए जाने का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार, अनिल शर्मा ने फोन पर टीआई रघुवंशी से उक्त कार्रवाई को लेकर आपत्ति दर्ज कराई और पुलिस पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया।

# स्व . पातीराम ने कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाया

## श्रमवीर सम्मान समारोह की 26वीं कड़ी में मेहनतकश मजदूरों को किया सम्मानित

**ग्वालियर, 21 जून। वरिष्ठ भाजपा नेता और लोकप्रिय समाजसेवी स्व. पातीराम जैन की 26 वीं पुण्यतिथि पर आज रविवार को जैन छात्रावास सभागार में श्रद्धांजलि सभा और श्रमवीर सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर आयोजित श्रमवीर सम्मान समारोह की 26वीं कड़ी में कर्तव्य पालन के प्रति समर्पित मेहनतकश मजदूरों, कामगारों को सम्मानित किया गया।**

श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर उपस्थित थे जबकि मुख्य वक्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में जीडीए के अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्षगण गंगाराम बघेल, अभय चौधरी, कमल माखीजानी, पूर्व निगम सभापति लालजी जादौन, वरिष्ठ नेता अशोक बांदिल, साडा के उपाध्यक्ष हरीश मेवाफरोश एवं मप्र चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल मंचासीन थे।

सभा में पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने अपने भावपूर्ण उदबोधन में स्व. पातीराम जैन को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्व. पातीराम भाजपा और उससे पहले जनसंघ की उस पीढ़ी के आखिरी स्तंभों में से थे, जो पद की स्पर्धा से दूर रहकर मौन लेकिन कर्मठ भाव से पार्टी के काम में व्यस्त और समर्पित रहते थे। राजनीतिक ग्लैमर से दूर रहकर उन्होंने स्वयं को सदैव साधारण कार्यकर्ता समझा। स्व. पातीराम ने कर्मठता, लगन, ईमानदारी व ध्येय के प्रति समर्पण भाव जैसे गुणों के चलते संगठन को सीढ़ी दर सीढ़ी सफलता की बुलन्दी पर पहुंचाया ।

### मप्र-उप्र की सीमा को जोडने वाला चंबल पुल पर 4 जुलाई तक प्रतिबंध

**भिण्ड 21 जून.** भिण्ड-ग्वालियर के राष्ट्रीय राजमार्ग-719 पर चंबल नदी के ऊपर निर्मित उच्च स्तरीय सेतु तकनीकी रूप से अनफिट पाए जाने के बाद कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट भिण्ड ने पुल से भारी वाहनों के आवागमन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है. यह प्रतिबंध 20 जून से लगाया गया है जो चार जुलाई 2026 तक लागू रहेगा. सड़क सुरक्षा और संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सभी प्रकार के भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है.

# हर बूथ को मजबूत करने पर दें जोर : राजपूत

## गोविंद सिंह राजपूत ने मंडल प्रभारियों को दिए संगठन विस्तार और जनसंपर्क के मंत्र

**भोपाल में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा सुरखी विधायक गोविंद सिंह राजपूत ने रविवार को मातेश्वरी परिसर में सुरखी विधानसभा क्षेत्र के मंडल प्रभारियों की बैठक लेकर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की.**

बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखने और केंद्र-प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई. बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री राजपूत ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित और अनुशासित कार्यकर्ता है. उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सफलता का आधार है और हर पदाधिकारी व कार्यकर्ता को अपने दायित्वों का निष्ठा के साथ



निर्वहन करना चाहिए. उन्होंने पार्टी की विचारधारा, सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की भूमिका को अहम बताया. बूथ ही भाजपा की विजय का आधार बताते हुए मंत्री ने बूथ सशक्तिकरण अभियान की समीक्षा की और निर्देश दिए कि प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम तैयार की जाए.

बूथ समितियों को निरंतर सक्रिय रखने, शक्ति केंद्रों पर नियमित बैठकें आयोजित करने और जनसंपर्क कार्यक्रमों को गति देने पर भी उन्होंने जोर दिया. साथ ही वरिष्ठ और भूतपूर्व कार्यकर्ताओं के अनुभव का लाभ लेते हुए नए कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया. बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई. मंत्री राजपूत ने कहा कि कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार की उपलब्धियों, गरीब कल्याण योजनाओं, किसान हितैषी निर्णयों, महिला सशक्तिकरण और विकास कार्यों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाएं. हितग्राहियों से संपर्क कर उन्हें भाजपा की विकास यात्रा से जोड़ने पर भी बल दिया गया.

### विवाद के चलते दामाद ने तालाब में छलांग लगाकर की खुदकुशी

**मुरैना 21 जून.** जिले के दिमनी थाना क्षेत्र में एक युवक के ससुराल पक्ष से हुए विवाद के चलते तालाब में कूदकर खुदकुशी करने का मामला सामने आया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के नगरा थाना क्षेत्र के ग्राम तुस्सन का पूरा निवासी देवेंद्र जाटव कल अपनी ससुराल पंचम पूरा में साले की शादी में शामिल होने आया हुआ था. शादी समारोह के कार्यक्रम के दौरान उसका विवाद ससुर ओर साले से हो गया. इसी विवाद के चलते दामाद देवेंद्र जाटव ने ससुर ओर साले की बातों से क्षुब्ध होकर गांव के ही तालाब में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस के अनुसार एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू आपरेशन चलाकर रविवार सुबह देवेंद्र जाटव का शव तालाब से निकाला. पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे कि जांच शुरू कर दी है.

# विधायक सखलेचा का ग्रामीणों ने किया घेराव

- सड़क नहीं बनी तो नाराज ग्रामीणों का फूटा गुस्सा
- उप स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण के लिए विधायक गांव पहुंचे थे

**नीमच, 21 जून. जिले के जावद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बांगरेड़ में रविवार को भाजपा विधायक ओमप्रकाश सखलेचा को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा.**

उप स्वास्थ्य केंद्र भवन (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने वर्षों से लंबित सड़क निर्माण का मुद्दा उठाते हुए विधायक का घेराव कर दिया. चुनाव के समय किए गए वादे पूरे नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने विधायक के खिलाफ नारेबाजी की और 'चोर-चोर' के नारे लगाए. जानकारी के अनुसार करीब 65 लाख रुपए की लागत से बने उप स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पण के लिए विधायक सखलेचा गांव पहुंचे थे. कार्यक्रम के दौरान



ग्रामीणों ने खेडा बांगरेड़ और बांगरेड़ के बीच जर्जर सड़क की समस्या उठाई.

उनका कहना था कि बरसात में यह मार्ग कीचड़ और पानी से भर जाता है, जिससे मरीजों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में भारी परेशानी होती है.

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विधायक ने विधानसभा चुनाव के दौरान सड़क निर्माण का वादा किया था, लेकिन चुनाव जीतने के बाद इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया. कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब विधायक वहां से रवाना होने लगे, तो ग्रामीणों ने उनकी गाड़ी रोक ली और घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया और सुरक्षा कर्मियों व ग्रामीणों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी. बाद में स्थानीय लोगों ने मामला शांत कराया. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

# खरगोन में 12 देशी पिस्टल जब्त

## पुलिस की अवैध हथियार तस्करों पर बड़ी कार्रवाई

**खरगोन, 20 जून. जिले में पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 12 देशी पिस्टल और आठ मैगजीन जब्त की हैं. पुलिस अब हथियारों की सप्लाई चेन और खरीदारों की तलाश में जुटी है.**

पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा ने शनिवार को बताया कि भगवानपुरा थाना क्षेत्र में मुखबिर से सूचना मिली थी कि सिकलीगर समुदाय का एक युवक अवैध हथियार बेचने के लिए निकलने वाला है. सूचना के आधार पर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह लौवंशी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर पिपल्या बावड़ी रोड पर घेराबंदी की गई. पुलिस को देखकर संदिग्ध भागने का प्रयास करने लगा लेकिन उसे पकड़ लिया गया. पूछताछ में उसने अपना नाम राजपाल सिंह गुरबचन सिंह सिकलीगर (21) निवासी नवलपुरा बताया. उसके बैग की तलाशी लेने पर 10 देशी पिस्टल और सात अतिरिक्त मैगजीन बरामद हुईं. आरोपी को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है.

# गेमिंग से 300 करोड़ टैक्स चोरी का खुलासा

**सतना, 21 जून. केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) जबलपुर की एंटी एवेजन टीम ने सतना में ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के जरिए करीब 300 करोड़ रुपए की संभावित जीएसटी चोरी का बड़ा खुलासा किया है. आयुक्त केंद्रीय जीएसटी के मार्गदर्शन में की गई कार्रवाई में विभाग ने जीएसटी अधिनियम की धारा 67 के तहत जांच करते हुए अब तक 1 करोड़ रुपए से अधिक की राशि रिकवर की है.**

जांच में सामने आया कि सतना के पुष्पराज कॉलोनी स्थित एक ही पते से मेसर्स गाजिक प्राइवेट लिमिटेड के साथ खेलब्रो प्राइवेट लिमिटेड और स्किलब्रो प्राइवेट लिमिटेड भी संचालित हो रही थीं. चौंकाने वाली बात यह रही कि तीनों कंपनियों के निदेशक भी प्रतीक गजरानी और विपिन गजरानी ही पाए गए. इससे विभाग को इन कंपनियों के बीच व्यावसायिक संबंधों, आंतरिक गतिविधियों और वित्तीय लेन-देन पर संदेह गहराया. सीजीएसटी अधिकारियों के मुताबिक जांच अभी जारी है. पूरी पड़ताल के बाद दोषियों के खिलाफ जीएसटी अधिनियम के कड़े प्रावधानों के तहत अंतिम कर देयता तय की जाएगी.

> सीजीएसटी की प्रारंभिक जांच और डिजिटल डेटा के विश्लेषण में संकेत मिले हैं कि इन ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स के जरिए बड़े पैमाने पर वित्तीय लेन-देन कर टैक्स चोरी की गई. विभाग अब बैंक खातों, डिजिटल रिकॉर्ड और अन्य वित्तीय दस्तावेजों की गहन पड़ताल कर रहा है. अधिकारियों का कहना है कि 300 करोड़ की कर चोरी का आंकड़ा शुरुआती दस्तावेजों पर आधारित है और जांच आगे बढ़ने के साथ इसमें और बढ़ोतरी की संभावना है.

# फर्जी बिलों के जरिए हुआ था 55 .60 करोड़ का घोटाला

- ईडी की जबलपुर समेत रीवा में छापेमारी
- 23 .50 लाख नगद जब्त, खातों में मिले 2 .93 करोड़

**जबलपुर। मध्य प्रदेश में सड़क निर्माण के नाम पर हुए करोड़ों रुपये के डामर, बिटुमेन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कार्रवाई बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। ईडी के भोपाल टीम ने जबलपुर समेत रीवा स्थित कई ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस कार्रवाई में भारी मात्रा में नकदी और बैंक बैलेंस जब्त किया गया है। इसके साथ ही 55.60 करोड़ का घोटाला फर्जी बिलों के जरिए किए जाने का पर्दाफाश हुआ है।**

ईडी को तलाशी के दौरान भ्रष्टाचार की काली कमाई का बड़ा हिस्सा हाथ लगा है। जबलपुर समेत रीवा में चली छापेमारी के दौरान संपत्ति संबंधी दस्तावेजों, डिजिटल उपकरणों और 23.50 लाख रुपये की नकदी सहित विभिन्न आपत्तिजनक रिकॉर्ड बरामद कर जब्त किए गए। 2.93 करोड़ रुपये के बैंक बैलेंस और फिक्स्ड डिपॉजिट भी बरामद कर फ्रीज कर दिए गए।

सूत्रों के मुताबिक जांच में सामने आया कि यह पूरा घोटाला सरकारी धन को हड़पने की एक सुनियोजित साजिश थी। जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि ठेकेदारों ने मध्य प्रदेश ग्रामीण सडक़ विकास प्राधिकरण की परियोजना कार्यान्वयन इकाइयों के लोक सेवकों, अधिकारियों के साथ मिलकर फर्जी और मनगढ़ंत इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड आदि के चालान जमा करके सडक़ निर्माण के डामर, बिटुमेन कार्य के लिए सरकारी भुगतान धोखाधड़ी से प्राप्त किया, जिसकी राशि 55.60 करोड़ रुपये थी.

### मनी लॉन्ड्रिंग की जांच में मिली हेराफेरी

इस घोटले पर मध्य प्रदेश पुलिस, जबलपुर और रीवा की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा आईपीसी 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के विभिन्न प्रावधानों के तहत दर्ज की गई थी। विभिन्न एफ आई आर के आधार पर ईडी ने पीएमएलए, 2002 के तहत जांच शुरू की। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय ने मध्य प्रदेश के जबलपुर और रीवा जिलों में विभिन्न परिसरों पर सडक़ निर्माण में बिटुमेन से संबंधित फर्जी बिल जमा करने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के लिए छापेमारी की।

**सख्त संदेश** विकसित भारत- जी राम जी योजना ग्रामीण विकास को देगी नई गति

# खरीफ सीजन के लिए खाद का पर्याप्त भंडार : चौहान

**विदिशा/सीहोर, 21 जून.** केंद्रीय कृषि मंत्रीशिवराज सिंह चौहान ने अपने संसदीय क्षेत्र इछावर और भैरूंदा में आयोजित जन-कल्याण शिविरों में अधिकारियों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि वे सरकार की मंशा पर पानी न फेरें और जनता के हित में काम करें. उन्होंने साफ कहा कि जन-कल्याण शिविर केवल औपचारिकता निभाने के लिए नहीं, बल्कि लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हैं. पात्र हितग्राहियों के नाम किसी भी बहाने से योजनाओं से नहीं




काटे जाएं, क्योंकि सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है.

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है और गरीब, किसान, बहनों व बच्चों की मदद करना ही उनका संकल्प है. उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि जनता के आवेदन मनमाने ढंग से निरस्त न किए जाएं. हर आवेदन की गंभीरता से जांच हो और पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिले.

उन्होंने यह भी कहा कि खरीफ सीजन के लिए खाद का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी. फार्मर आईडी और वितरण व्यवस्था में आ रही तकनीकी दिक्कतों को जल्द दूर करने के निर्देश भी दिए गए. ग्रामीण विकास को लेकर केंद्रीय मंत्री ने बताया कि क्षेत्र के 36 गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ने के लिए 36 सड़कें स्वीकृत हो चुकी हैं.

### भाजपा नेता के घर हुई चोरी में महिला सहित पांच गिरफ्तार

**धार 21 जून.** जिले की बदनावर पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता राजेश अग्रवाल के घर हुई सनसनीखेज चोरी का खुलासा करते हुए एक महिला सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 40 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी बरामद की है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत दो और तीन जून की दरमियानी रात अज्ञात बदमाशों ने बदनावर में भाजपा नेता राजेश अग्रवाल के सूने मकान को निशाना बनाया था.